जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

20 मई 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया कक्षा 12वीं (नियमित) और 10वीं (नियमित) बोर्ड परीक्षाओं में लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने अपने पोर्टल http://jmicoe.in पर विज्ञान, कला और कॉमर्स स्ट्रीम की कक्षा 12वीं (नियमित) बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया है। तीनों ही स्ट्रीमों में लड़कियों ने परीक्षा में लड़कों को पछाड़ दिया है। तीनों स्ट्रीमों में मूल्यांकन किए गए कुल छात्रों में से 47.21 प्रतिशत लड़के रहे हैं और 52.79 प्रतिशत लड़कियां रही हैं ।

विज्ञान स्ट्रीम में रमीसा तहसीन ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा में टॉप किया है । अली खान और मुहम्मद इंशाल ने क्रमशः 93.8 प्रतिशत और 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है।

कला स्ट्रीम में सानिया नाहिद ने 95.8 फीसदी अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि हुमेरा निशात ने 95.4 फीसदी अंक हासिल कर दूसरे स्थान पर रही है । सानिया मिन्नत मजूमदार और शाहिना परवीन 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही हैं ।

कॉमर्स स्ट्रीम में आसमा अनवर ने 93.4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, फ़िज़ा खान ने 92.8 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान और शिफ़ा अंजुम ने 92.4 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

विज्ञान स्ट्रीम में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 95.69 प्रतिशत रहा है जबकि कला और कॉमर्स में यह क्रमशः 96.13 प्रतिशत और 70.37 प्रतिशत रहा है ।

विज्ञान स्ट्रीम में 97 पुरुष और 115 महिला उम्मीदवारों ने डिस्टिंक्शन के साथ प्रथम श्रेणी प्राप्त की है, जबकि लड़कों और लड़कियों सहित कुल 209 छात्रों ने सामान्य प्रथम श्रेणी प्राप्त की है।

कला स्ट्रीम में 41 पुरुष और 109 महिला छात्रों ने डिस्टिंक्शन के साथ प्रथम श्रेणी प्राप्त की है जबकि 41 छात्रों ने सामान्य प्रथम श्रेणी प्राप्त की है । कॉमर्स स्ट्रीम में 21 पुरुष और 31 महिला छात्रों ने डिस्टिंक्शन के साथ प्रथम श्रेणी प्राप्त की है जबकि 39 छात्रों ने सामान्य प्रथम श्रेणी प्राप्त की है ।

इससे पूर्व जामिया के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय ने कक्षा 10वीं (नियमित) का परिणाम घोषित किया जिसमें कुल 97.75% छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है । मूल्यांकन किए गए कुल छात्रों में से लगभग 48.62% लड़के हैं और 51.38% लड़कियां । यह परिणाम http://jmicoe.in पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

मेरिट सूची में शीर्ष तीन स्थानों पर लड़कियां रहीं हैं । साइमा रिज़वी ने 97.71% अंकों के साथ परीक्षा में टॉप किया है । सुहाना चौधरी और जीनत नसीम ने 97.42% अंकों के साथ दूसरा और आलिया अंजुम ने 97.14% अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है ।

कुल 410 छात्रों ने डिस्टिंक्शन के साथ प्रथम श्रेणी प्राप्त की है और 114 ने सामान्य प्रथम श्रेणी प्राप्त की है । डिस्टिंक्शन के साथ प्रथम श्रेणी हासिल करने वाले 410 छात्रों में से 238 लड़कियां हैं और 172 लड़के ।

जामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. इकबाल हुसैन ने टॉपर्स को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने यह कहा कि जो छात्र कुछ अंकों से शीर्ष स्थान प्राप्त करने से चूक गए हैं उन्हें निराश नहीं होना चाहिए और जीवन में आने वाली चुनौतियों के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

प्रो.हुसैन ने कार्यवाहक कुलसचिव मोहम्मद हदीस लारी, डीन और अन्य संकाय सदस्यों की प्रसंशा की जिन्होंने परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु अथक प्रयास किए । समय पर परिणाम घोषित करने के लिए उन्होंने परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के स्टाफ सदस्यों के प्रयासों की भी सराहना की।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया